नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.10.2020

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा मंदिरो एवं माध्यमिक विद्यालयो की सफाई व्यवस्था का किया गया निरीक्षण पूजा स्थलो पर प्रतिदिन सफाई एवं सेनेटाईजेशन करने का दिया गया निर्देश।

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा पी0एम0 स्वीनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृत कराने हेतु बनायी गई टीम,बैंको से ऋण धनराशि तत्काल अवमुक्त करने का दिया गया निर्देश।

- विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.10.2020 नगर आयुक्त महोदय द्वारा मंदिरो एवं माध्यमिक विद्यालयो के आस–पास सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा बाबा विश्वनाथ मंदिर,बाबा बनखण्डीनाथ एवं कालीबाड़ी मंदिर एवं उनकी ओर आने वाले पर सफाई व्यवस्था, चूने का छिड़काव, सेनेटाईजेशन एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि नवरात्रि के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये प्रतिदिन मंदिरो एवं मंदिरो के आस–पास सफाई व्यवस्था एवं चूना छिड़काव की व्यवस्था आवश्यक रूप किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम के क्षेत्र के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालय शिक्षा ग्रहण करने हेतु खुल जाने की स्थिति में विद्यालय के आस–पास सेनेटाईजेशन,सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में दिलाजाक, सफाई जोन–2 मो0 बहादुरगंज निकट पुलिस चौकी सफाई जोन–3 मो0 चौभुर्जी सफाई जोन–4–मो0 अब्दुल्लागंज,सफाई जोन–5 मो0 ख्वाजा फिरोज इन स्थानो पर श्री पवन कुमार, श्री हरवंश दीक्षित, श्री राजमंगल,श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्य, सफाई निरीक्षको तथा सफाई नायको के नेतृत्व में वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया।नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 19. 10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक करने के साथ–साथ साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थाना, पार्को, खाली प्लाटो एवं सड़को के किनारे पड़े पर कूड़े को प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।.

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा पी0एम0 स्वीनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृत कराने हेतु उपनगर आयुक्त की देख रेख में टीम का गठन किया गया। इस टीम में नगर निगम के 03 कर्मचारियो को लगाया गया है। टीम के प्रत्येक सदस्य को निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित बैंको में जाकर ऋण स्वीकृत कराने में हो रही कठिनाइयो को दूर करते हुये आवदेको के पक्ष में ऋण की धनराशि अवमुक्त करायें। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे द्वारा परियोजना अधिकारी,डूडा के साथ बड़ौदा ग्रामीण बैंक चिनौर तथा कैंन्ट स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओ सहित विभिन्न बैंको में जाकर ऋण वितरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर